पत्र संख्या-स्था-6-सामान्य- सामान्य निर्देश (132 भाग-2) //2023-24// 1036 // वाणिज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ ::दिनांक :: 29 मई, 2023

1-समस्त संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक), राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
2-समस्त उपायुक्त (प्रशासन), राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
3-सहायक आयुक्त (ए), राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

यू0पी0 वाणिज्य कर मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन, उ0प्र0 द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायती पत्रों के निस्तारण हेतु शासन द्वारा जारी शासनादेशों व मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों का संज्ञान लिए बिना ही फर्जी शिकायती प्रकरण में नियम विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है, जिससे कर्मचारियों का उत्पीड़न हो रहा है। अत: शिकायती प्रकरण में शासन द्वारा जारी शासनादेशों एवं मुख्यालय द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार कार्यवाही की जाये।

अवगत कराना है कि मुख्यालय के पत्र संख्या-स्था0-6-सामान्य-सामान्य निर्देश(132) भाग-2/2022-23/885/वाणिज्य कर दिनांक 23.05.2022 एवं पत्र संख्या-स्था0-6-सामान्य-सामान्य निर्देश(132) भाग-2/2020-21/1123/वाणिज्य कर दिनांक 05.08.2020 द्वारा शासनादेश दिनांक 1.08.1997 तथा अपर मुख्य सचिव महोदय के निर्देशानुसार शिकायती-पत्रों का नियमानुसार निस्तारण किये जाने हेतु निर्देश दिए गये हैं।

उपर्युक्त निर्देशों के बावजूद कतिपय मामलों में बिना जांच कराये आधारहीन शिकायती-पत्रों पर सम्बन्धित कार्मिक के विरुद्ध किये जा रहे उत्पीड़न की घटनाओं की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में लायी गयी है। यह कार्यशैली किसी भी प्रकार से उचित नहीं कही जा सकती है।

अत: मुख्यालय के उपरोक्त पत्र दिनांक 23.05.2022 व दिनांक 05.08.2020 मे दिये गये निर्देशानुसार शिकायती-पत्रों का नियमानुसार निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

(ओम प्रकाश वर्मा)
अपर आयुक्त, राज्य कर,
प्रभार-अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्रसंख्या व दिनांक : उक्त।

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं तद्नुसार अनुपालन कराये जाने हेतु प्रेषित:-

1-समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
2-अपर निदेशक (प्रशिक्षण) राज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,गोमतीनगर, लखनऊ।
3-संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय को एक प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
4-पटल प्रभारी- स्था-5क, 5ग, 4क, 4ख, 4ग, 4घ, 3क, 3ख, वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।
5-प्रान्तीय अध्यक्ष /महामंत्री, यू0पी0 राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन, उ0प्र0 मुख्यालय/ लखनऊ।

अपर आयुक्त, राज्य कर,
प्रभार-अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

647